# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 12.10.2024** **समय : 1905**

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर कंपनियों ने करीब इक्यानबे हजार अवसर दिये, पंजीकरण आज से शुरू।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत द्वीपसमूह में अब तक सोलह हजार पांच सौ छह किसान लाभान्वित हुए है।
- बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा आज मनाया जा रहा है।
- आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अब तक प्रत्यक्ष कर के रूप में तेरह लाख सत्तावन हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की है।
- दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत चार हजार वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत एक सौ तिरानबे कंपनियां लगभग इक्यानवे हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। इसके लिए पंजीकरण आज से शुरू हो रहे हैं जो पच्चीस अक्तूबर तक चलेंगे। सरकार ने इन्टर्नशिप पोर्टल को प्रायोगिक परियोजना के तौर पर तीन अक्तूबर को शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल – pminternship.mca.gov.in के माध्यम से प्रदान किये जा रहे हैं। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत आयेगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान इक्कीस से चौबीस वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इन्टर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इन्टर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा। उन्हें छह हजार रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी। इन्टर्नशिप के ये अवसर छत्तीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सात सौ सैंतीस जिलों में उपलब्ध होंगे। ये अवसर तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे चौबीस क्षेत्रों में मिलेंगे।

<><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सीमा सड़क संगठन –बीआरओ द्वारा दो हजार दो सौ छत्तीस करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पचहत्तर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। सिक्किम में रक्षा मंत्री ने बाइस सड़क, इक्यावन पुल और दो अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का निर्माण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित देश के ग्यारह सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दो हजार चौदह में एन.डी.ए सरकार के सत्ता में आने से पहले विकास की गति रूक गई थी और पूर्वोत्तर और सीमावर्ती राज्य विकास के अवसरों से वंचित थे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत द्वीपसमूह में अब तक सोलह हजार पांच सौ छह किसान लाभान्वित हुए है। लाभार्थियों के खाते में डी बी टी के माध्यम से तिरप्पन दशमलव छह एक छह करोड रूपए की राशि जारी की गई है। सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष दो हजार अट्ठारह–उन्नीस के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को हर चार महीने में दो हजार रूपए की तीन बराबर किश्तों में छह हजार रूपए प्रतिवर्ष का वित्तीय लाभ दिया जाता है। इस महीने की पांच तारीख को पी.एम.–किसान की अट्ठारहवीं किश्त प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई थी।

<><><><><><><>

विजयदशमी और दुर्गापूजा का पर्व आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विजयदशमी का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। द्वीपसमूह के विभिन्न पूजा पंडालों में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। भारी संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं के दर्शन के लिए इन पूजा पंडालों में पहुंच रहे हैं। अतुल स्मृति समिति में आज डांडिया का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अब तक प्रत्यक्ष कर के रूप में तेरह लाख सत्तावन हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की है। इसमें सात लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यक्तिगत आयकर और छह लाख करोड़ रुपये से अधिक कॉर्पोरेट कर शामिल है। विभाग ने कल तक दो लाख इक्कतीस हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का रिफंड भी जारी किया है। इस वित्तीय वर्ष में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में अट्‌ठारह प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत चार हजार वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया। राजस्व अधिकारियों ने श्री विजयपुरम के अस्टीनाबाद में यह अभियान चलाया। इस दौरान पांच अनाधिकृत अतिक्रमणों को हटाया गया। स्वराज द्वीप में भी इसी तरह का अभियान चलाकर चार जगहों पर अवैध निर्माण गतिविधियों को रोका गया। दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन द्वारा इस तरह के अभियान पूरे क्षेत्र में लगातार जारी रहेंगे, जिससे अवैध कब्ज़ों को रोका जा सके। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त ने अतिक्रमण करने वालों की जानकारी जिला नियंत्रण कक्ष के दिए गए फोन नम्बर या व्हासऐप के माध्यम से साझा करने को कहा है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन सौ उनतीस आवासों का निर्माण किया जा रहा है। नगरपालिका परिषद के सचिव ने कल प्रातरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना साइट का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सचिव ने साइट पर कार्य में तेजी लाने और अगले वर्ष इक्कतीस मार्च तक इसे पूरा करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान के डिगलीपुर में हाल ही में विश्व दृष्टि दिवस पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुभाष ग्राम के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के ब्लॉक परियोजना कार्यालय द्वारा आयोजित हुआ। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अब्दुल नासिर ने तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों की नेत्र जांच की। कार्यक्रम के दौरान आंखों के स्वास्थ्य के महत्व और आंखों के नियमित जांच की आवश्यकता पर जागरूकता सत्र का भी आयोजन हुआ। सत्र के दौरान दृष्टि संबंधी समस्याओं को रोकने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को सत्र के दौरान प्राप्त जानकारी को अपने परिवारों के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

<><><><><><><>

हैदराबाद में आयोजित सैतीसवी राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप का समापन हो गया। यह चैम्पियनशिप ग्यारह वर्ष से कम आयुवर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित की गई थी। सात दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में भारत से चार सौ छप्पन लड़कों और दो सौ लड़कियों ने भाग लिया। द्वीपसमूह के खिलाडी भी इसमें शामिल हुए। उन्होंने इस प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। द्वीपसमूह के जे. एस. विराट ने ओपन कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह अंक हासिल किए। लड़कियों की श्रेणी में द्वीपसमूह की परनीता और कृष्णप्रिया बी. राजेश ने चार अंक हासिल किए।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय के सम्मेलन हॉल में चौदह अक्टूबर को सुबह दस बजे से व्यापार सुधार कार्य योजना और विनियामक अनुपालन बोझ को कम करने पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ इस संबंध में चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चार दशमलव आठ मिलीमीटर, ननकौड़ी मे तीन दशमलव आठ, श्री विजयपुरम में शून्य दशमलव सात और वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में शून्य दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>